उ.प.रे   N.W.R.

रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय के सामने, पावर हाउस रोड, जयपुर–302006
बेवसाईट www.rrcjaipur.in

महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 02/2018 के दिव्यांग अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन

A) केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 02/2018 के तहत रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा दिनांक 17.09.2018 से 17.12.2018 तक आयोजित कम्प्यूटर बेस्ट परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों की पीईटी परीक्षा का आयोजन दिनांक 24.03.2019 से 02.04.2019 तक किया गया था। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों का कम्प्यूटर बेस्ट परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर दस्तावेज सत्यापन दिनांक 24.04.2019 से 10.06.2019, 25.11.2019 से 26.11.2019, 16.01.2020, 27.01.2020 से 12.02.2020, 22.02.2021 से 25.02.2021, 29.11.2021 से 30.11.2021, 24.01.2022 से 25.01.2022, 21.03.2022 से 22.03.2022 एवं 04.04.2022 से 05.04.2022 को किया गया था। दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाए गए अभ्यार्थियों के अनुपस्थित रहने तथा दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा जांच परीक्षा में सफल पाए गए अभ्यर्थियों को पैनल पर रखने के उपरान्त शेष रही रिक्तियों को भरने के लिए निरन्तरता में अगले चरण के दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा जाचं परीक्षा हेतु अनन्तिम (प्रोविजनली) रूप से पात्र पाए गए दिव्यांग अभ्यर्थी के रोल नं नीचे दिये जा रहे है:–

एक दिव्यांग अभ्यर्थी **Roll Number(PH-LD)**:– **122028024410017**

B) रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 12.12.2019 के द्वारा दिये गए निर्देशानुसार केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 02/2018 के तहत दिव्यांगता श्रेणी में आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यार्थियों से, जो दिव्यांगता के सम्बन्ध में निर्धारित बेंचमार्क के तहत स्वंय को बहुदिव्यांगता की श्रेणी में समझते/मानते है तथा जिन्होंने कम्प्यूटर बेस्ट परीक्षा में न्यूनतम निर्धारित अंक (अनारक्षित के लिए 38 अंक, आरक्षित के लिए 28 अंक) प्राप्त किये है, से बहुदिव्यांगता श्रेणी के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में बहुदिव्यांगता के प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर की वेबसाईट पर सूचना दिनांक 2312.2019 को अपलोड की गई थी। इस सूचना के सन्दर्भ में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों एवं उनके साथ संलग्न दिव्यांग प्रमाण पत्रों की जांच कर जांच के परिणाम की सूचना रेलवे भर्ती कक्ष की वेबसाईट पर दिनांक 10.05.2022 को अपलोड की गई है।

अनन्तिम (प्रोविजनली) रूप से बहुदिव्यांगता श्रेणी में पात्र पाए गए अभ्यर्थियों के रोल नं (रोल नं क्रम में) नीचे दिये जा रहे है:–

दो दिव्यांग अभ्यर्थी **Roll Number(PH-MD)** :– **12205096950015** | **122058001490003**

इस चरण में दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाए गए अन्तिम अभ्यर्थी के कट ऑफ अंक निम्न प्रकार है:–

PH(LD)	PH(MD)
52.18754	32.45169

उक्त अभ्यथियों के दस्तावेज सत्यापन सह अभ्यर्थिता जांच एवं चिकित्सा जांच परीक्षा दिनांक 18.05.2022 को, ई कॉल लेटर में दर्शाई गए दिनांक, समय पर रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर में आयोजित की जायेगी। उक्त अवधि ई कॉल लेटर में निर्धारित तिथि को बिमारी अथवा अन्य उपयुक्त उचित कारणवश उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थी 19.05.2022 को दस्तावेज सत्यापन हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। यह इनके लिए अन्तिम अवसर होगा तथा तत्पश्चात् अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को और अवसर नहीं दिया जायेगा।

अतः उपरोक्त अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन की नियत तिथि को आवश्यक रूप से रेलवे भर्ती कक्ष, पावर हाउस रोड, जयपुर में उपस्थित होना है इसके लिए उन्हें अन्य कोई अवसर नहीं दिया जाएगा तथा उनकी अनुपस्थिति को अनिच्छा मानते हुए उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

ई कॉल लेटर शीघ्र ही रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट पर अपलोड किये जाएगें। जो अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जांच में उपयुक्त पाए जाएंगे उन्हें निर्धारित चिकित्सा जांच/परीक्षण हेतु अगले दिन/दिनों में भेजा जाएगा। अतः उम्मीदवार चिकित्सा जांच परीक्षा हेतु रूकने की व्यवस्था/तैयारी स्वंय के स्तर पर करके आएं।

उक्त अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने मूल दस्तावेज सहित दो–दो प्रतिलिपि (शैक्षणिक सम्बन्धित प्रमाण पत्र, समुदाय सम्बन्धित प्रमाण पत्र, पुराना (आवेदन के समय का) एवं नवीनतम केन्द्र सरकार के प्रारूप में ओबीसी प्रमाण पत्र लिखित परीक्षा के बुलावा पत्र, आधार कार्ड/फोटोयुक्त आईडी आदि) के साथ सभी दस्तावेज स्कैन करके पैनड्राईव में लेकर बुलावा पत्र में दर्शाई गई तिथि एवं समय पर रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर कार्यालय में उपस्थित होवें।

उक्त अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन में बुलाए जाने का यह अर्थ नहीं है कि उन्हें पैनल पर रखा जाएगा या रेलवे में नियुक्ति का अधिकार प्रदान करना है।

उपरोक्त परिणाम को तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, किंतु अनजानी भूल की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है, रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर इसे सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(सं. 740ई/आरआरसी/लेवल–1/02/2018/परिणाम/दस्तावेज सत्यापन दिनांक 10.05.2022)

10/5/2022

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

अध्यक्ष
Chairman
रेलवे भर्ती कक्ष
Railway Recruitment Cell
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
North Western Railway, Jaipur